Regarding need for development of railway platform at Gyanpur Road Railway Station in Bhadohi Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh- Laid

डॉ. विनोद कुमार बिंद (भदोही) : मेरे लोकसभा क्षेत्र भदोही, (उत्तर प्रदेश) में स्थित ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन सबसे अहम स्टेशनों में एक है। यह स्टेशन काशी - प्रयाग को जोड़ता है। साथ ही दिल्ली, मुंबई के अलावा अन्य क्षेत्रों हेतु आवागमन के लिए रोजाना बड़ी संख्या में रेल यात्री इस स्टेशन पर पहुंचते हैं । रेलवे स्टेशन पर कई अहम विकास कार्यों की जरूरत है जिसमें प्लेटफार्म संख्या 1 और 2 पर यात्रियों हेतु टीन शेड का निर्माण सबसे अहम है जिससे बारिश व गर्मी में यात्रियों को राहत मिलेगी । इसके अलावा प्लेटफार्म संख्या 1 का विस्तारीकरण आवश्यक है । प्लेटफार्म छोटा है, जिससे रेल यात्रियों को चढ़ने व उतरने में दिक्कत होती है ।